लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को दशहरा की पूर्वसंध्या पर बधाई दी।

नई दिल्ली, 02 अक्तूबर, 2014 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहा: " मैं दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को ह्रदय से शुभकामनाएं देती हूँ। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक यह पर्व हमें समाज में व्याप्त हर प्रकार की बुराइयों से लड़ने की प्रेरणा देता है तथा विजय के लिए आत्मशक्ति प्रदान करता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम इस मानदंड पर एक आदर्श पति, पुत्र एवं राजा सिद्ध होते हैं तथा उनका व्यक्तित्व आज भी सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रेरक, आदर्श और अनुकरणीय है। मैं कामना करती हूँ कि यह पर्व समाज एवं देश में सुख, शान्ति, समृद्धि और भाईचारा बढ़ाएगा तथा सभी लोग हर्षोल्लास से इस त्यौहार की खुशियां मनाएंगे। "